तापमान

अधिकतम 40 डिग्री

न्यूनतम 29 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 7 जून 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 शिक्षा ऐसी प्राप्त करें कि नौकरी लेने के बजाय देने...




14 जिले के पांच प्रमुख पर्यटन स्थलों का चयन कर विकसित...




## खबर संक्षेप

### हल्की बारिश से मिली राहत, तापमान में होगी वृद्धि



**धमतरी।** शुक्रवार को उमस भरी गर्मी के बाद शाम को हुई हल्की बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली। फिलहाल गर्मी से राहत की संभावना नहीं है। आगामी चार दिनों में दो से चार डिग्री तापमान के बढ़ने के आसार हैं। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मानसून की उत्तरी सीमा मुंबई, अहिल्यानगर, भवानीपटना, पुरी, सैडहेल द्वीप और बाकुरघाट से होकर गुजर रही है। ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण उत्तरी आंतरिक कर्नाटक और आसपास के इलाकों में समुद्रतल से 3.1 किमी की ऊंचाई पर है। शनिवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है, वहीं एक दो स्थानों में मेघगर्जन के साथ 40 से 50 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।

### देवरी में पंजीयन शिविर 10 को

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज में विभिन्न कोर्सों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्तमान में सुरक्षा गार्ड का प्रशिक्षण शुरू किया जाना है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के इच्छुक युवाओं के चयन के लिए ग्राम पंचायत देवरी में 10 जून को शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 से शाम 5 बजे से ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया जाएगा।

### प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग 13 को

**धमतरी।** जल जीवन मिशन के तहत पंचायतों द्वारा चिन्हित पात्र युवाओं को नलजल मित्र के तहत बहु कौशल प्रशिक्षण के लिए जल वितरण संचालक कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 13 जून को सुबह 10 बजे से लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में काउंसिलिंग सह पंजीयन होगा। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज अबिनाश मिश्रा ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया है कि वे अपने जनपद क्षेत्र से पंचायतों में नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत चिन्हित पात्र ऐसे युवा, जिनका प्रशिक्षण नहीं हुआ है, उन्हें इस काउंसिलिंग सह पंजीयन के लिए उपस्थित कराना सुनिश्चित करें।

### जहर सेवन से महिला की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक महिला ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम सांकरा निवासी अमीता बाई पटेल पति कोमलराम उम्र 55 वर्ष शुगर की बीमारी से पीड़ित थी। गुरूवार की सुबह परिवार के लोग काम पर चले गए। घर में महिला व एक छोटी बच्ची थी। इसी दौरान महिला ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। छोटा बेटा भूपेन्द्र पटेल घर पहुंचा तो मां की तबीयत बिगड़ते देख इसकी जानकारी अपने बड़े भाई भागेन्द्र पटेल को दी। भागेन्द्र जब घर पहुंचा तो उसकी मां उल्टी कर रही थी जिससे जहरीली दुर्गंध आ रही थी। परिजन महिला को उपचार के लिए नगरी अस्पताल ले गए। डाक्टर द्वारा रिफर करने पर उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

फरार तीनों आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

# पटाखा फोड़ने से मना करने पर युवक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गुरूवार की रात्रि घर के सामने पटाखा फोड़ने से मना करने वाले युवक की तीन लोगों ने चाकू मारकर हत्या कर दी है। घटना के बाद फरार आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



मृतक नरेश

पुलिस के अनुसार नरेश माली पिता कल्याण माली उम्र 38 वर्ष महिमासागर वार्ड में जैविक खाद प्लांट के पास आवास योजना के तहत बनाए मकान के ऊपर फ्लोर में अपने परिवार के साथ रहता था। नीचे में बड़ा भाई गणेश माली अपने परिवार के साथ रहता है। रात्रि लगभग 11 बजे मोहल्ले के हेमंत सोम उर्फ पांगड़ु, चचेरा भाई दिनेश सोम व प्रदीप बर्थडे सेलिब्रेट करते हुए उसके घर के सामने पटाखा फोड़ रहे थे। पटाखे की आवाज सुनकर नरेश माली बाहर निकल तीनों को घर के सामने पटाखा फोड़ने से मना कर दूसरी जगह जाकर फोड़ने की बात कही। पटाखों की आवाज से घर के छोटे बच्चों को डरना बताया, जिसे सुन तीनों ने नरेश के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करना शुरू कर दी। इसी दौरान हेमंत उर्फ पांगड़ु ने अपने पास रखे धारदार चाकू से युवक के सीने में बायीं तरफ हमला कर दिया। चाकू के हमले से नरेश बेहोश होकर गिर गया। परिजनों व मोहल्लेवासियों को आता देख तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों ने तत्काल बेहोश युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर द्वारा रिफर किए जाने पर युवक को इलाज के लिए मसीही अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई गणेश माली की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी हेमंत सोम उर्फ पांगड़ु पिता सुरेश उम्र 19 वर्ष, दिनेश सोम पिता सुरेन्द्र उम्र 26 वर्ष व प्रदीप साहू पिता राजेश 19 वर्ष तीनों महिमासागर वार्ड निवासी के खिलाफ धारा 103(1), 3, 5 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।





### आरोपी अलग-अलग स्थान पर छिपे हुए थे

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी सूरज सिंह परिहार ने कोतवाली प्रभारी को फरार तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने निर्देशित किया। कोतवाली पुलिस की टीम ने तकनीकी साक्ष्य व मुखबिर की सूचना पर तीनों आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया। घटना के बाद तीनों आरोपी अलग-अलग स्थान पर छिपे हुए थे। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी हेमंत सोम उर्फ पांगड़ु, दिनेश सोम व प्रदीप साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, एसआई लक्ष्मीकांत शुक्ला, एएसआई हेमंत ध्रुव, आरक्षक रघुराज कर्श, संजय पति, डायमंड यादव, भूपेन्द्र पदमशाली व अंशुल सालुंके का सराहनीय योगदान रहा।

### मृतक व आरोपी मूल रूप से स्टेशनपारा के रहने वाले

मृतक नरेश माली पूर्व में स्टेशनपारा में परिवार के साथ रहकर घी बेचने का काम करता था। बाद में फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का काम करने लगा। उसके बाद स्टेशनपारा छोड़ महिमासागर वार्ड में जैविक खाद के पास आवास योजना के तहत मकान बनाकर रह रहा था। वहीं आरोपी हेमंत सोम, उसका चचेरा भाई दिनेश साहू व प्रदीप साहू विस्थापन से पहले स्टेशनपारा में रहते थे। जो रेलवे द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद महिमासागर वार्ड में जैविक खाद के पास आवास योजना के तहत बनाए गए बहुमंजिला एचपी भवन में शिफ्ट हो गए। बहरहाल पुलिस तीनों आरोपियों का और भी पुराना क्राइम रिकार्ड खंगाल रही है।

# रिसाईपारा स्थित नागेश्वर मंदिर की दो दानपेटी चुरा ले गए चोर

- ढाई लाख की चोरी होने का अनुमान, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रिसाईपारा स्थित नागेश्वर मंदिर में अज्ञात चोरों ने वहां रखी दो दानपेटी की चोरी कर उसमें रखे अनुमानित ढाई लाख रूपए पर हाथ साफ कर दिया है।

नगर के रिसाईपारा में नागेश्वर मंदिर है। रोजाना की तरह गुरुवार की रात्रि भी मंदिर को बंद कर दिया गया। शुक्रवार की सुबह पुजारी मंदिर पहुंचा और दरवाजे को हल्का सा धक्का दिया तो वह एकदम से खुल गया। दरवाजों का कुंदा कटा हुआ था। भीतर देखने पर पुजारी के होश उड़ गए। पुजारी ने तत्काल इसकी सूचना मंदिर ट्रस्ट के सहसचिव यशवंत कौशक सहित अन्य ट्रस्टियों को दी। सभी लोग तत्काल मंदिर पहुंचे और भीतर देखा तो वहां रखी दो दानपेटी गायब थी। चारों तरफ तलाश करने पर मंदिर के पीछे भाग में दोनों दानपेटी टूटी हालत में पड़ी मिली। दानपेटी से रूपए गायब थे। दानपेटी में ढाई लाख रूपए होने का अनुमान लगाया गया है। मंदिर में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। अज्ञात चोरों ने चोरी करने से पहले दो कैमरों को कपड़ा से ढंक दिया था। वहीं एक कैमरा में एक व्यक्ति मंदिर में प्रवेश करता दिखाई दे रहा है। घटना की सिटी कोतवाली में शिकायत की गई है। दानपेटी के वजन को देखते हुए घटना में एक से अधिक लोगों के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले रत्नाबांधा के दुर्गा मंदिर में भी दानपेटी चोरी की घटना हो चुकी है जिसका अब तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाया है।



# राज्य सरकार 45 हजार शिक्षकों का पद समाप्त करने जा रही : धनेन्द्र

- पीसीसी अध्यक्ष ने ली प्रेसवार्ता, युक्तियुक्तकरण नीति को बताया रोजगार विरोधी कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व पीसीसी अध्यक्ष धनेद्र साहू ने शुक्रवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि स्कूल बंद करना, शिक्षकों का पद समाप्त करना शिक्षा विरोधी, रोजगार विरोधी कदम है तथा सेटअप के मुताबिक राज्य सरकार 45 हजार शिक्षकों का पद समाप्त कर रही है। इससे 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद हो रहे हैं। पूर्ववर्ती रमन सरकार ने भी 33 सौ से अधिक स्कूलों को बंद कर दिया था। साथ ही 12 हजार शिक्षकों का पद समाप्त कर दिया था।

वर्तमान छग में प्राइमरी स्कूलों में 21 छात्रों के बीच एक शिक्षक का अनुपात है। इसे बढ़ाकर 30 छात्र के साथ एक शिक्षक का अनुपात कर रहे हैं। इसी तरह मिडिल स्कूल में 26 छात्र एक शिक्षक के अनुपात को बढ़ाकर 35 छात्र , एक शिक्षक किया जा रहा है। शिक्षकों की नई भर्ती न करना पड़े इसलिए सरकार युक्तियुक्तकरण का सेटअप बना रही है। इससे सरकारी शिक्षा व्यवस्था चौपट हो जाएगी। बस्तर, सरगुजा जैसे ट्राइबल क्षेत्रों के बच्चों की शिक्षा पर असर पड़ेगा। शिक्षकों पर एक्स्ट्रा भार पड़ेगा। हजारों स्कूलों के बंद होने से रसोइयां, स्वीपर, मध्यान्ह भोजन कर्मी, स्वसहायता समूह के समक्ष रोजगार के संकट उत्पन्न होंगे। शिक्षक भर्ती के अवसर खत्म होने से बेरोजगारी बढ़ेगी। नया सेटअप बनाने से पहले किसी भी संगठन, संघ से राय नहीं ली गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक राज्य में 58 हजार शिक्षकों के पद रिक्त हैं।

इस अवसर पर शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, अंबिका मरकाम, मोहन लालवानी, विजय देवांगन, हर्षद मेहता, लेखराम साहू, पंकज महावर, विपिन साहू, विपिन साहू, तारिणी चन्द्राकर, नीशु चन्द्राकर, आनंद पवार, गोपाल शर्मा, आलोक जाधव, विक्रांत पवार, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, आशुतोष खरे, सूरज पासवान, नमन बंजारे, धर्मेन्द्र पटेल मौजूद थे।



# पेड़ की शाखा काटते वक्त करंट की चपेट में आया अधेड़, मौत

पेड़ पर ही लटका रहा शव, घटना सांकरा कोडमुड़पारा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम सांकरा कोडमुड़पारा में शुक्रवार को एक व्यक्ति की करंट लगने से मृत्यु हो गई। वह पेड़ की शाखा काटने पेड़ पर ही चढ़ा था तभी यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान दूरदेश ध्रुव पिता कुंवर सिंह ध्रुव 55 वर्ष निवासी सांकरा के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दूरदेश ध्रुव मजदूरी का कार्य करता था। 6 जून को ग्राम सांकरा स्थित फॉरेस्ट ऑफिस के सामने रहने वाले पूनम चंद साहू के निवास पर मजदूरी हेतु गया था। बताया जा रहा है कि घर के सामने लगे एक वृक्ष की ऊपरी शाखा को काटने के लिए वह पेड़ पर चढ़ा था। इस दौरान ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन के संपर्क में पेड़ की डाल आने से करंट प्रवाहित हुआ और दूरदेश ध्रुव उसकी चपेट में आ गया। घटना के तुरंत बाद सिहावा थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेजा।

इस घटना के बाद ग्रामीणों में शोक है। कई ग्रामीणों का कहना है कि यदि विद्युत विभाग द्वारा समय रहते विद्युत लाइन के समीप पेड़ों की कटाई छंटाई का कार्य किया गया होता, तो शायद इस तरह की घटना से बचा जा सकता था। यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या कार्य स्थल पर पेड़ की कटाई से पूर्व विद्युत लाइन बंद करने विभाग को सूचित किया गया था या नहीं। यह जांच का विषय है। संबंधित विभाग तथा स्थानीय प्रशासन द्वारा विस्तृत जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।





# बेटियों ने निभाया बेटे का फर्ज

- पिता की अर्थी को कंधा देकर चिता को दी मुखाग्नि

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

छह बेटियों ने गुरुवार को अपने पिता की अर्थी को कंधा दिया और फिर मोक्षधाम में उनकी चिता को मुखाग्नि भी दी। विकासखंड मगरलोड अंतर्गत ग्राम गाड़ाडीह निवासी रामगुलाल साहू 55 वर्ष का निधन 5 जून गुरुवार को हो गया। वे अपने पत्नी भागबती साहू, मां फूलबाई व पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ चले गए। उनका कोई बेटा नहीं है और छह बेटियां विवाहित हैं।

सोमवार सुबह जब अंतिम संस्कार की रस्म प्रारंभ हुई तो इन छह बेटियों गंगा साहू, यमुना साहू, दयावती, त्रिवेणी, गोदावरी व उमेश्वरी साहू ने पिता की अर्थी को कंधा दिया। अंतिम यात्रा के लिए गांव में स्थित मोक्षधाम पहुंचने के बाद फिर सभी बहनों ने चिता को मुखाग्नि देकर बेटा होने का फर्ज निभाया। अंतिम संस्कार की इन रस्मों से महिलाओं के दूर रहने की प्रचलित परंपरा के बीच जब इन बेटियों ने पिता के लिए पुत्र की भूमिका भी निभाई तो माहौल काफी गमगीन हो उठा। बेटियों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा हो रही है।



टोल टैक्स बचाने के चक्कर में भखारा स्टेट हाईवे में वाहनों का बढ़ा दबाव, आए दिन हो रहे हैं हादसे

# धमतरी-रायपुर नेशनल हाईवे की दुकानों का व्यापार हुआ चौपट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

करोड़ों रूपये की लागत से अस्तित्व में आई जिले की महत्वाकांक्षी परियोजना रायपुर-धमतरी फोरलेन सड़क इस मार्ग के व्यवसायियों के लिए चिंता का विषय बन गई है। इस रास्ते में चारपहिया से लेकर भारी वाहनों की तादाद आधे से कम हो गई है। वजह है मरौद का टोल नाका। हालत यह है कि हाईवे-फोरलेन में स्थित अनेक पेट्रोल पंप, होटल, ढाबा सहित अन्य व्यवसाय में भारी गिरावट आ गई है। इधर टोल टैक्स से बचने छोटे बड़े वाहनों का रेला स्टेट हाईवे भखारा मार्ग में लगने लगा है। ग्रामीण इलाके वाले स्टेट हाईवे में वाहनों का भारी दबाव बढ़ने से आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। इस क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। दुर्घटनाओं के चलते ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन आमबात हो गई है।

धमतरी-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित पुरी पेट्रोल पंप के संचालक वाहिद रोकड़िया ने बताया कि ग्राम मरौद में टोल प्लाजा शुरु होने से पहले रोजाना 5 से 6 हजार लीटर डीजल-पेट्रोल की खपत हो जाती थी, लेकिन टोल टैक्स शुरु होने के बाद 2 से ढाई हजार लीटर डीजल-पेट्रोल का व्यवसाय हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग में 8 से 10 पेट्रोल पंप हैं। जिसका व्यवसाय 60 से 65 प्रतिशत घट गया है। उन्होंने बताया कि टोल प्लाजा में भारी वाहन का एक साइड टैक्स 740 रुपए है, अप-डाउन का 1500 रुपये हो जाता है जिसके कारण छोटे से बड़े वाहन चालक टैक्स बचाने स्टेट हाईवे भखारा मार्ग से आना-जाना करते हैं। श्री रोकड़िया का कहना है कि भखारा स्टेट हाईवे ग्रामीण इलाका है। शासन-प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए और स्टेट हाईवे में भारी वाहनों के संचालन पर रोक लगानी चाहिए।



### ढाबा, होटल, पंचर दुकान भी प्रभावित

प्रिंस ढाबा, नवीन ढाबा के संचालकों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहनों के संचालन में भारी कमी आ गई है जिससे ढाबा, होटल का व्यवसाय आधे से भी कम हो गया है। छाती पंचर दुकान के संचालक नदीम ने कहा कि धमतरी-रायपुर आने जाने वाले वाहनों में भारी कमी आ गई है। हालत यह है कि पंचर बनाने के लिए दिनभर गाड़ी का इंतजार करना पड़ता है। टोल प्लाजा शुरु होने के बाद रोजी-रोटी नहीं निकल पा रही है।

### भखारा में ट्रैफिक का बुरा हाल

पूर्व जिपं सदस्य गोविंद साहू, अमरदीप साहू ने बताया कि टोल टैक्स से बचने छोटे से लेकर भारी वाहनों का दबाव भखारा स्टेट हाईवे में व्यापक रूप से बढ़ गया है। आये दिन हो रही सड़क दुर्घटना में लोगों को जान गंवानी पड़ रही है। वहीं अनेक लोग हादसे का शिकार होकर अपंग हो गए हैं। इस रोड में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। आक्रोशित ग्रामीणों का आये दिन धरना प्रदर्शन होता रहता है। प्रशासन इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। भखारा बाईपास नहीं बनने तथा वाहनों का दबाव बढ़ने से भखारा में ट्रैफिक का बुरा हाल हो गया है।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### महमूद नपं मगरलोड में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त



**मगरलोड।** सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी में वार्ड क्रमांक 02 निवासी पूर्व पार्षद महमूद खान पिता शेरखान को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। महमूद खान के विधायक प्रतिनिधि बनने पर चांदन बाफना, राजेश साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड के कोषाध्यक्ष खिलावन साहू, कमलेश बंजारे, देवेंद्र साहू, बेनू सोनी, सत्यनारायण साहू, फूलजी सिन्हा, नारद साहू, राजा खान, तोरण सिन्हा, हिरवानी ठाकुर, रवि निर्वाण, रहमान खान, मेघेश्वर चंद्राकर, पप्पू सोनी, हेमलाल निषाद, चेतन बिंझेकर, डॉ टीएल सिन्हा, इस्हाक खान, ताहिर खान ने हर्ष जताया है।

### इतिहास विषय के लिए योगेश ने किया क्वालीफाई



**आमदी।** नगर पंचायत आमदी निवासी योगेश कुमार पिता घुरऊराम ध्रुव प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक विद्यालय सिंगपुर मगरलोड ने अपने अथक प्रयास एवं कड़ी मेहनत से असिस्टेंट प्रोफेसर हेतु छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा सेट 2024 में इतिहास विषय में क्वालीफाई कर लिया है। इसके पहले भी वे राष्ट्रीय स्तर की यूजीसी एनटीए द्वारा आयोजित नेट एवं सेट परीक्षा क्वालीफाई कर चुके हैं। इस उपलब्धि पर अनेक शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव आज

**धमतरी।** श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय धमतरी का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 7 जून को शाम 5 बजे से पुराना जनपद भवन में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर होंगे।

---

जुगदेही सोसाइटी में आयोजित हुआ कृषक प्रशिक्षण व संगोष्ठी कार्यक्रम

# प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान समृद्ध बनें : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद







महंगी रासायनिक खाद और कीटनाशकों का प्रयोग कर किसान आर्थिक रूप से कमजोर हो रहे हैं। प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान लागत कम कर सकते हैं। साथ ही अच्छी गुणवत्ता वाले बीजों का प्रयोग व वैज्ञानिकों की सलाह से अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। उक्त बातें विधायक अजय चंद्राकर ने जुगदेही सोसाइटी में आयोजित किसान प्रशिक्षण शिविर में किसानों को संबोधित करते हुए कही। शुक्रवार को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित जुगदेही के तत्वावधान में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वैज्ञानिकों, प्रगतिशील किसानों व कृषि मित्रों द्वारा भूमि सुधार, खेती में लागत कम करना, कीट नियंत्रक बीज संस्कार, बीज निर्माण, उन्नत बीज एवं संतुलित खाद, गोरिच अल्टा और गो-प्राम, जीवामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र, ब्रम्हास्त्र, अग्निास्त्र जैविक विधि से निर्माण गौपालन, ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन तिलहन मक्का, गेहूं की खेती जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण के विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती गीतेश्वरी हेमंत साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद ने की। विशिष्ट अतिथि सतीश जैन उपाध्यक्ष जपं कुरूद, पुरुषोत्तम चंद्राकर प्रशिक्षक प्राकृतिक कृषि आर्ट आफ लिविंग, पीडी रमानी संरक्षक धन्वंतरि किसान मंच, अनिल मांडगे, अध्यक्ष धन्वंतरि किसान मंच, प्रदीप ठाकुर उपायुक्त सहकारिता विभाग धमतरी, गजेन्द्र चंद्राकर जैविक खेती कृषक, महेन्द्रसिंह गौर शाखा प्रबंधक शाखा कोर्रा, दुलार सिन्हा भारतीय किसान संघ जिला मंत्री, संचालक श्रीराम गौशाला सिलिडीह, लालबहादुर सिंह फिल्ड आफिसर इफ्को थे।

इस अवसर पर प्राधिकृत अधिकारी भोलाराम साहू, समिति प्रबंधक अंकित कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा, जनपद सभापति आनंद यदु, तर्रागोंदी सरपंच चोवाराम साहू, जुगदेही उर्वशी चांद, सिलौटी अनिल राव, सेमरा छबिलेश सिन्हा, भाजपा नेतागण भीम साहू, रामस्वरूप साहू, छत्रपाल बैस, चोवाराम गंजीर, आरईओ पुरुषोत्तम सिन्हा के अलावा टिपानी, तर्रागोंदी, सिलौटी, जुगदेही, सौरबांधा, जोरातराई, खपरी, सेमरा के सैकड़ों किसान मौजूद थे।

**उपलब्ध संसाधनों का अनियमित दोहन न करे**

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि यूक्रेन व रूस युद्ध के कारण डीएपी खाद की कमी पूरे देशभर में महसूस की जा रही है। इसके वैकल्पिक उपाय की ओर सरकार ध्यान दे रही है। किसी भी संसाधन के अनियमित दोहन से मानवीय जीवन में संकट आता है और इसका दुष्प्रभाव ग्लोबल वार्मिंग पर भी पड़ता है जिससे हमें बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे आसपास उपलब्ध परंपरागत चीजों का वैज्ञानिक आधार होता है जिसका उपयोग हम सबको करना चाहिए। सुरक्षित मानवता के लिए सरकारी कार्यक्रम में भी प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देने का जोर है इसलिए हम सबको इस ओर ध्यान देकर कम लागत में अधिक मुनाफा के साथ जहरीली की बजाय पौष्टिक व शुद्ध फसल तैयार करनी चाहिए।

---

## छग पर्यटन मंडल अध्यक्ष शर्मा का भाजपाइयों ने किया जोशीला स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



भाजपा धमतरी जिला के संगठन प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ शासन पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा का कुरुद नगर के सांधा चौक में भाजपा के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने जोशीला स्वागत किया।

शुक्रवार को रायपुर से धमतरी प्रवास पर निकले श्री शर्मा कुछ देर के लिए कुरुद रुके जहां भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर व फूलमाला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि आप सबकी मेहनत से हम लोग शासन में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। छग में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं जिसमें धमतरी व कुरुद भी अछूता नहीं है। निश्चित ही सरकार की योजनाओं का लाभ क्षेत्र को मिलेगा।

स्वागत करने वालों में विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, भाजपा नेतागण मालकराम साहू, भारत भूषण पंचायन, मिथिलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, रवि मानिकपुरी, अनुराधा साहू, गोरख देवांगन, पिंटू चन्द्राकर, टिकेश साहू, संतोष बैस, सूरज देवांगन, कमलेश चन्द्राकर, किशोर यादव, ओमप्रकाश साहू, संजु चन्द्राकर, खिलेन्द्र देवांगन, पप्पी चैनवानी, प्रकाश चन्द्राकर, टेकू साहू, डेविड देवांगन, विकास निषाद शामिल हैं।

---

## प्रकृति और मनुष्य के बीच गहरा संबंध है : बीके भावना

- विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्रम्हाकुमारीज संस्थान नगरी में पौधे लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी में पौधारोपण किया गया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण का अंत थी।

इस अवसर पर बीके भावना ने कहा कि आज मनुष्य और प्रकृति के बीच खोए हुए सामंजस्य को पुनः प्रतिस्थापित करने का समय है। हम पर्यावरण के बदलाव को सिर्फ भौतिक व नीतियों के नजरिए से देखते हैं परंतु हमारी भावनाएं तथा जागरूकता भी सूक्ष्म पहलू होती है। प्रकृति और मनुष्य के बीच गहरा संबंध है । प्राचीन समय में लोगों की भावनाएं करुणामई होती थी तब प्रकृति भी संतुलन में रहती थी जैसे-जैसे मनुष्य में अहंकार लालच और भय बढ़ा वैसे-वैसे प्रकृति में असंतुलन बढ़ा। आगे कहा कि आज मानव अपने निजी स्वार्थ के कारण वनों की अंधाधुंध कटाई कर रहा है। प्रकृति प्रदत्त संसाधनों का मनुष्य अत्याधिक दोहन कर रहा है । अब समय है प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य को निभाने का क्योंकि हमेशा प्रकृति ने हमको दिया है आज लौटाने का वक्त है। हमें प्लास्टिक से बने उत्पादों का उपयोग नहीं करना चाहिए बल्कि उसके स्थान पर कपड़े व कागज से बनी सामग्री का उपयोग करना चाहिए। नरेश पटेल पार्षद ने सभी से अपने घरों में पेड़ लगाने की अपील की। डॉ मुकेश चौधरी ने कहा कि मनुष्य अपनी सुख सुविधा के लिए वनों की अंधाधुंध कटाई कर रहा है। इससे पर्यावरण में प्रदूषण बढ़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या उत्पन्न हो रही है। बीके परमेश्वरी ने अतिथियों को पौधे भेंट किये। भावना बहन ने प्रदूषण मुक्त पर्यावरण तथा प्लास्टिक मुक्त विश्व बनाने के लिए प्रतिज्ञा करवाई। कार्यक्रम का संचालन मन्नू राम साहू ने किया।

---

## मधुबनधाम परिसर पर महुआ के पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



श्रीराम महायज्ञ मेला समिति एवं ग्राम पंचायत रांकाडीह के सभी समाज के अध्यक्ष, सचिव, पुजारी, सरपंच की आवश्यक बैठक रखी गई। सर्व समाज ने पौधारोपण, मधुबन धाम परिसर में नशा प्रतिबंधित, अनैतिक कार्यों पर कार्रवाई, मधुबन परिसर में पेड़ों की अवैध कटाई पर कार्रवाई, मधुबन यज्ञ एवं मातर महोत्सव में सभी मंदिरों की सहभागिता, मधुबनधाम मेला परिसर में मधुबन मेला समिति एवं ग्राम पंचायत राकाडीह की अनुमति बिना अवैध निर्माण पर रोक, मधुबन धाम रांकाडीह रकबा 14.28 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन करने कर निर्णय लिया है।

इस अवसर पर मधुबन धाम समिति के अध्यक्ष अरुण कंवर, सरपंच रांकाडीह भोजराम साहू, शत्रुघन साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, महेंद्र कश्यप, खिलेश्वर कश्यप, महेशुराम, दयाराम पुजारी, सुमेंद्र गोस्वामी पुजारी, हीराराम साहू पुजारी, उत्तम कुमार, महेश राम, कृष्ण कुमार निर्मलकर, लीलाराम सेन, भागीरथी यादव, शारदा देवी, सुलोचना ठाकुर, केशव यादव, घनश्याम बिंझेकर, नानकराम निषाद, टेकराम चक्रधारी, खेलन सिंह देवनाथ सिन्हा, संतोष चक्रधारी, खिलावन सिन्हा सहित सर्व समाज के अध्यक्ष उपस्थित थे। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मधुबनधाम परिसर पर महुआ के पौधे लगाए गए।

---

## आठवीं पास युवा बनेंगे सुरक्षा गार्ड

**धमतरी।** राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज में सुरक्षा गार्ड का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आठवीं पास न्यूनतम 5 फीट 6 इंच वाले पुरूष युवा 12 जून तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो आदि दस्तावेज के साथ सुबह 10 से शाम साढ़े 5 बजे तक सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन जमा कर सकते हैं।

---

## यशवंतराव मेघावाले कालेज में लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड





यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 की संकल्पना को ध्यान में रखते हुए आम, नींबू, सीताफल, बेल, नीम के पौधों का रोपण किया गया।

मौके पर प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक कौसलेश कुमार ध्रुव, निरूपा साहू, डॉ रमा चंद्राकर, ऑफिस कर्मचारी योगेंद्र साहू, तेजराम सिन्हा, पीयूष वाही, श्रीमती हुलासनी कश्यप एवं स्वयंसेवक याचना हिना, हिमांशी, यशोदा, नेहा, झरना, दामिनी, भीषम, ताम्रध्वज उपस्थित थे।

---

## सांकरा में युवा चला रहे सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम सांकरा के युवाओं ने ग्रामीण विकास संघ सांकरा का निर्माण किया। ग्राम सांकरा की इष्ट देवी माई दंतेश्वरी प्रांगण की सफाई करने बाद निर्मला घाट की साफ-सफाई की। निर्मला घाट को एक सुंदर पहचान दी।

युवाओं ने बताया कि इस कार्य में अरुण सार्वा जिला पंचायत अध्यक्ष का मार्गदर्शन मिल रहा है। प्रवीण साहू ने कहा कि गांव के अच्छे कार्य में अपनी सहभागिता देंगे जिससे हमारे गांव का नाम रोशन हो। भरत पटेल ने कहा कि साफ सफाई का काम सिर्फ शासन व जनप्रतिनिधियों पर न थोपे। नागरिकों की भूमिका अच्छे से रहेगी तो हमारा गांव स्वच्छता पर एक बार फिर पुरस्कृत होगा।

यश साहू ने कहा कि हमारे एक कदम स्वच्छता की ओर बहुत ही महत्वपूर्ण है। डेविड साहू ने कहा कि जो सफाई अभियान चलाया जा रहा है, वह एक युवा पीढ़ी के लिए अच्छा संदेश है। रेखराज केंवट ने कहा कि गांव के युवा साथी रचनात्मक कार्य कर रहे हैं जो प्रशंसनीय है।

सुखदेव साहू ने कहा कि छोटे-छोटे रचनात्मक कार्य से गांव की पहचान बनेगी। सफाई अभियान में यश साहू, दया साहू, चमन निषाद समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

---

## समर कैंप में बच्चों ने सीखी दूसरे राज्यों की भाषा

- एक और भारतीय भाषा सीखें विषय पर समर कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



पीएम श्री सेजेस मेहतरुराम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना में एक और भारतीय भाषा सीखे विषय पर 26 मई से 1 जून तक सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस समर कैंप के तहत बच्चों को अपनी मातृभाषा के अलावा आसपास के राज्य की किसी एक भाषा सीखने हेतु सात दिवसीय समर कैंप में प्रति दिवस 4 घंटे के हिसाब से 28 घंटे का प्रशिक्षण सिंधी भाषा पर दिया गया। इस समर कैंप में प्रति दिवस अलग-अलग कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित थी।

प्रथम दिवस बुनियादी अभिवादन एवं अभिव्यक्ति अक्षर संख्या हस्ताक्षर जैसे रोल प्ले फ्लैश कार्ड देशभक्ति नारा। द्वितीय दिवस वर्चुअल शहर भ्रमण एवं भाषा पर संवाद, तृतीय दिवस कला संगीत नृत्य चित्रकला। चतुर्थ दिवस स्थानीय व्यंजन फलों के नाम व्यंजनों के नाम मसाले के नाम। पंचम दिवस संस्कृति की सराहना सुनने के कौशल का निर्माण स्वतंत्रता सेनानियों एवं स्थानीय नायकों के बारे में जानकारी। छष्टम दिवस नदी पहाड़ों के नाम स्मारकों के नाम की जानकारी। सप्तम दिवस प्रेरणा एवं प्रमाण पत्र का वितरण हुआ। इस समर कैंप में भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रमाणपत्र दिया गया।

समर कैंप के समापन पर सहायक जिला मिशन समन्वयक समग्र एन के साहू ,विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ललित सिन्हा, प्राचार्य रविंद्र कुमार साहू, संगीता वाधवानी, पारुल चंदवानी, भाषा प्रशिक्षक संगीता चावला, वैभव चावला, भावना केसवानी, शीतल सोनी, वर्षा केसवानी उपस्थित रहे।

---

एक पेड़ लगाना, एक तालाब खुदवाने के पुण्य के बराबर : मेहरा

## फलदार, फूलदार एवं छायादार पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के निर्देशानुसार रासेयो, रेडक्रास, रेडरिबन के तत्वावधान में महाविद्यालय प्रांगण एवं ग्राम छिपली में पौधारोपण किया गया जिसके तहत 5 छायादार नीम, करंज, पीपल, 7 फलदार आम, कटहल, कदम तथा 10 फूलदार गुलमोहर, मदार, डगर आदि पौधों का रोपण किया गया। साथ ही साथ पुराने पौधों में खाद, मिट्टी व पानी डाला गया तथा इनकी सफाई भी की गई।

इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी आरआर मेहरा ने वृक्ष की उपयोगिता बताते हुए कहा कि एक पेड़ लगाना एक तालाब खुदवाने के पुण्य के बराबर है। प्राचार्य श्रीमती खालसा ने छात्र-छात्राओं से कहा कि अपने जीवन में कम से कम 10 पौधे जरूर लगाना चाहिए इससे हमारा पर्यावरण संतुलित रहेगा, साथ ही इनकी देखभाल करनी चाहिए। प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान में दो-दो पौधों के संरक्षण की शपथ ली गई।

इस कार्यक्रम में रासेयो सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपा देवांगन रेडक्रास, रेडरिबन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. कौशल नायक तथा प्रो. मोहित कुमार, प्रो. लालमन बेरवंश, सौरभ पांडेय, रोमनाथ चक्रधारी, सुश्री डिलेश्वरी पटेल, रविकांत कोसरे, विजय नेताम, त्रिलोचन ठाकुर, खेमराज ठाकुर तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari





विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जोगामगांव - 95754-57523, आंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### महापौर को व्यापार से जुड़ी समस्याओं से कराया अवगत



**धमतरी।** झिल्ली एवं किराना संघ के व्यापारियों ने महापौर रामू रोहरा से भेंटकर उन्हें व्यापार से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही शहर को 213 करोड़ रुपये की सौगात मिलने पर महापौर का आभार व्यक्त किया।

### शंकरदाह स्कूल में आम, नीम, जामुन के पौधे रोपे



**धमतरी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरदाह में आम, नीम, जामुन आदि पौधों का रोपण किया गया। मौके पर सरपंच श्रीमती रमी गौतम, शाला एवं विकास समिति अध्यक्ष हेमंत साहू, अमृत ध्रुव, हेमंत सिन्हा, श्रीमती शोभा दुबे प्राचार्य, प्रदीप सिन्हा, श्रीमती सरोज ध्रुव, पवन परिहा, बलदाऊ साहू उपस्थित थे।

### एबीएस एस्पायर एकेडमी ने रोपे पौधे



**धमतरी।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर एबीएस एस्पायर एकेडमी द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम एक निजी संस्थान में किया गया। इस कार्यक्रम में फाउंडर आकाश सिन्हा, डायरेक्टर हेमप्रकाश केशरी, मिथलेश ठाकुर, मंजु साहू एवं अकादमी के छात्रों ने कई पौधे रोपे। फाउंडेशन ने सभी को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। फाउंडर आकाश सिन्हा ने बताया कि हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है, जो पृथ्वी के पर्यावरण की रक्षा करने और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को रोकें हैं।

### खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष का हुआ आत्मीय स्वागत




**धमतरी।** छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय का धमतरी आगमन हुआ। इस अवसर पर नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने उनका आत्मीय स्वागत किया। श्री पांडेय ने जिले में संचालित खादी एवं ग्रामोद्योग से संबंधित इकाइयों का निरीक्षण किया और वहां कार्यरत लाभार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रत्नाबांधा स्थित बालाजी वस्त्रोद्योग इकाई का भी दौरा किया, जहां उन्होंने उत्पादन प्रक्रिया को देखा और कर्मचारियों से बातचीत की। उनके इस दौरे को स्थानीय स्तर पर खादी एवं ग्रामीण उद्योगों को प्रोत्साहन के रूप में देखा जा रहा है।

### मल्हारी में हिंदू जागरण मंच का गठन



**धमतरी।** मल्हारी (नगरी) में हिंदू जागरण मंच का गठन जिला संयोजक पुरुषोत्तम निषाद के मार्गदर्शन में किया गया। प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर ने सबसे पौधारोपण हेतु आह्वान किया ताकि स्वस्थ वातावरण का निर्माण किया जा सके। हिन्दू जागरण मंच दूरस्थ अंचल में समाज को जगाने का कार्य निरंतर कर रहा है। ग्राम मल्हारी में हिंदू जागरण मंच का गठन किया गया। गठन के दौरान धर्मांतरण जैसे विषयों पर चर्चा की गई। ग्राम मल्हारी हिन्दू जागरण मंच संयोजक आदर्श चनाप, सहसंयोजक टेमन बिसेन, प्रदीप चिंडा बनाए गए। मौके पर नगरी खंड संयोजक करण सेन, सहसंयोजक शिवांश साहू, अक्षय पटेल, मोंटू पटेल, सुधांशु बिसेन, देवराज पुजारी, विनय पटेल, तुषार सोम, हिमांशु पुजारी, धनराज एल्मा, शिवा नाग मौजूद रहे।

### बड़ौदा आरसेटी में दिया जीएसटी, आयकर पर प्रशिक्षण



**धमतरी।** जिले के चार विकासखंड के अंतर्गत चयनित महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों के लिए रोजगार सृजन करने जिला सहकारी संघ धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय जीएसटी, आयकर एवं लेखांकन प्रशिक्षण कंपोजिट बिल्डिंग के पास आईसीटी भवन में दिया गया। चार्टर्ड अकाउंटेंट आशुतोष मिश्रा ने प्रोजेक्टर के माध्यम से जीएसटी स्लैब से संबंधित इनपुट टैक्स क्रेडिट, रिटर्न दाखिल करने के प्रकार, रिटर्न भरने की अवधि के साथ ही आरसीएम सहित जीएसटी स्लैब की जानकारी दी तथा प्रशिक्षार्थियों से अभ्यास भी कराया गया। लेखांकन प्रशिक्षक सहकारी प्रशिक्षण महाविद्यालय रायपुर के व्याख्याता एसके पटेल ने लेखांकन विषय में वाउचर व कैश बुक से संबंधित जानकारी दी, साथ ही सभी प्रशिक्षार्थियों से वाउचर बनववाकर कैश बुक में प्रविष्टि भी कराई। इस अवसर पर चयनित प्रशिक्षार्थी सहित सहकारी निरीक्षक गुणेश वैष्णव, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एस प्रसाद व संघ के प्रबंधक एपी गुप्ता उपस्थित थे।

---

विधायक ने शैक्षणिक मार्गदर्शन शिविर में स्कूली बच्चों को किया मोटिवेट

# शिक्षा ऐसी प्राप्त करें कि नौकरी लेने की बजाय देने वाले बनें : अजय






हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिलौटी में पत्रिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी के कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित निःशुल्क शैक्षणिक मार्गदर्शन शिविर में क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने छात्र-छात्राओं व आयोजकों को कुरुद क्षेत्र में उपलब्ध शिक्षा सुविधाओं से अवगत करा आगे बढ़ने का मंत्र दिया।

विधायक श्री चंद्राकर ने सर्वप्रथम स्कूली बच्चों से उनका उद्देश्य पूछा तत्पचात अपनी बात रखते हुए कहा कि व्यक्तिगत तौर पर शिक्षा मुझे प्रिय है और मेरा सपना है कि कुरुद क्षेत्र उच्च शिक्षा के मामले में प्रदेश की जीईआर में विकसित राष्ट्र की भांति 51 प्रतिशत से अधिक रहे।

कुरुद क्षेत्र में सर्वाधिक हाई, हायर सेकेंडरी व आईटीआई के बाद कॉलेज खुलने का जिक्र करते हुए कहा कि वही व्यक्ति सफल होता है जो गांव से निकलकर शिक्षा ग्रहण करता है। अगर आपमें लगन, जुनून व आगे बढ़ने की दृढ़ इच्छाशक्ति है तो वे तमाम शिक्षा सुविधाएं आपके आसपास ही उपलब्ध हैं। उन्होंने शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो जितना पीयेगा उतना ही दहाड़ेगा। देश की प्रमुख लड़ाई शिक्षा के बूते ही जीती गई है।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, सिलौटी कालेज की प्राचार्य भावना कमाने, हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य पद्मा बघेल, परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष गिरधारी साहू, भाजपा नेतागण रवि सिन्हा, आनंद यदु, भीम साहू, दुलार सिन्हा, यशवंत शुक्ला, शिक्षक दयालुराम साहू, चित्रसेन साहू, नंदकुमार साहू, सरपंच अनिल राव शिंदे, पूर्व सरपंच सविता गंजीर, चोवाराम साहू, भावप्रकाश साहू के अलावा स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**नॉलेज बढ़ाएं व सोशल मीडिया का सदुपयोग करें**

अजय चंद्राकर ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि रोजगार का मतलब सिर्फ सरकारी नौकरी नहीं होता है। अगर आप रोजगार मूलक शिक्षा जैसे आईटीआई, एग्रीकल्चर, डीएड, बीएड के अलावा कौशल विकास के कोर्स के साथ स्टार्टअप करते हैं तो आप नौकरी लेने नहीं देने वाले बन सकते हैं। इसके लिए अपनी नॉलेज को बढ़ाना होगा जो पढ़ने से बढ़ती है। श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि उपलब्ध संसाधनों का लाभ सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ करें, नकारात्मक वातावरण से दूर रहें। उन्होंने सोफिया कुरैशी, व्योमिका सिंह जैसे जांबाज अफसरों का उदाहरण देते कहा कि उस पद में हम कैसे पहुंच सकते हैं इसे जानने की कोशिश करें। चैट जीपीटी, एआई जैसे सोशल मीडिया का सदुपयोग करें।

---

## पौधारोपण हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए



- एकल विद्यालय में पौधारोपण एवं सैनिक सम्मान कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

विश्व पर्यावरण दिवसपर एकल विद्यालय संच नगरी द्वारा एकल ग्राम खमनापारा स्थित रानी दुर्गावती पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान देश के लिए अपनी बेटी को समर्पित करने वाली वीर माता सुखोबाई नेताम एवं वैद्यराज भगवानसिंह नेताम को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अजजा जिलाध्यक्ष महेंद्र नेताम ने ऑपरेशन सिंदूर पर अपने उद्बोधन में कहा कि जिस मिट्टी की रक्षा के लिए हमारे सैनिक अपने प्राणों की आहुति देते हैं, उस धरती को हरा-भरा रखना भी हम सबका कर्तव्य है। पौधारोपण सिर्फ एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। एकल विद्यालय अध्यक्ष प्रयागचंद बिसेन ने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन और वृक्षों के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण समाज की सक्रिय भागीदारी ही प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने में सहायक हो सकती है। इस अवसर पर प्रयागचंद बिसेन, महेंद्र नेताम, आरपी साहू, मोतीलाल दिवाकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, भगवान सिंह नेताम, जवाहर मरकाम, भोजलाल सोरी, रोशन नेताम, अमृतलाल, पुरुषोत्तम, नोहर नेताम, सुखोबाई नेताम, समाधि नेताम, रामशीला नेताम, जयंती मरकाम, आचार्य कलेश्वरी ध्रुव, वेदमती सोरी, लोकेश्वरी मरकाम, ममता नेताम सहित अनेक ग्रामीणज उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ।

---

## जल संरक्षण तथा महानदी को स्वच्छ बनाने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम पंचायत सिहावा में मोर गांव मोर पानी के तहत ग्रामीणों ने रैली निकाली। यह रैली मां अभियान के तहत जल संरक्षण तथा महानदी को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के उद्देश्य से निकली। ग्रामीणों को पानी के सदुपयोग तथा महानदी को स्वच्छ रखने कहा गया। उपसरपंच सुनील सिंहासर ने कहा कि कलेक्टर द्वारा चलाए जा रहे मां अभियान जनकल्याण योजना से हम सभी उत्साहित हैं। पंच लोकेश्वर पटेल ने कहा कि जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है जिससे आने वाले दिनों में पानी की काफी समस्या हो सकती है। इसलिए हमें जल संरक्षण का कार्य करना चाहिए। प्रयास करना चाहिए कि बरसात का पानी अधिक से अधिक रोक सके। इस अवसर पर सरपंच उषादेवी नाग, सचिव संतोष ध्रुव, प्रकाश पटेल, बीरेंद्र मनहरे, राजकुमार कुंजाम, चूड़ामणि ध्रुव, त्रिलोक ध्रुव, प्रवीण गुप्ता, गुलाब निषाद, दुलेश्वर पटेल, पायल पटेल, कीर्ति नाग, ममता निषाद, जानकी शान्डिल्य, दिलेश्वरी पटेल, मीनू कुलदीप, जमुना कश्यप, गोमती निषाद उपस्थित थे।

---

## सफलता के लिए लक्ष्य का निर्धारण जरूरी

- परसतराई में नि:शुल्क कोचिंग क्लास एवं करियर मार्गदर्शन शिविर का समापन
- वक्ताओं ने विद्यार्थियों को सफलता के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



परिक्षेत्र साहू समाज खरतुली द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर परसतराई में संचालित सर्व समाज के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लास एवं करियर मार्गदर्शन शिविर के समापन अवसर पर अतिथिगणों ने विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स दिए। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण कर स्वप्रेरित होकर अध्ययन-अध्यापन, मोबाइल एवं सोशल मीडिया का सही उपयोग, अपने राष्ट्र की प्रभुता, संस्कृति के प्रति समर्पण, माता-पिता, परिवार, समाज के प्रति सम्मान, महापुरुषों की जीवनी पढ़ना एवं उससे प्रेरणा लेना, यूपीएससी, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर मोटिवेट किया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने अनुभव सुनाने के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी दिया। इस अवसर अवनेंद्र साहू जिलाध्यक्ष, भारत साहू संरक्षक परिक्षेत्र, जिला महासचिव यशवंत साहू, उपाध्यक्ष तोरण साहू, केकती साहू, महिला प्रकोष्ठ जिला महामंत्री देहुति साहू, मौरीखुर्द परिक्षेत्र अध्यक्ष पोषण साहू, सचिव गौतम साहू, प्रो. खेमलाल हिरवानी, व्याख्याता नवीन खरे, जेएल साहू, शिक्षक सेवकराम साहू, तुलजा साहू, कल्पना साहू, गौरी सिन्हा, आकाश साहू, घनश्याम साहू, तारकेश्वरी साहू, प्रधानाचार्य तामेश्वर सिन्हा, खरतुली परिक्षेत्र अध्यक्ष ललित चौधरी, उपाध्यक्ष संतकुमारी सोनबेर, सचिव रुपेंद्र गंजीर, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, संरक्षक किरण सोनबेर, सदस्य उमाशंकर साहू, गायत्री साहू, कुंती साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

---

## छात्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



- आमदी कालेज में 30 से अधिक पौधों का रोपण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की रासेयो इकाई व यूथ रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। महाविद्यालय परिसर में फलदार पौधे बेल, जामुन, बेर, कटहल के साथ साथ 30 से अधिक छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य डा. गौकरण प्रसाद ने कहा कि हमारा भारतवर्ष ऋषि मुनियों की धरती है। सदैव से प्रकृति की पूजा करता आया है। वृक्षों को देवतुल्य माना गया है। पेड़ न केवल हमें छाया, फल, फूल और लकड़ी देते हैं, बल्कि वे जीवनदायिनी आक्सीजन भी प्रदान करते हैं। आज जब पर्यावरण संकट विकराल रूप ले रहा है। ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन जैसे संकट बढ़ते जा रहे हैं, तब पौधारोपण एकमात्र ऐसा उपाय है जो स्थायी समाधान प्रदान करता है। रासयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना पर चर्चा करते हुए सभी को सिंगल यूज़ प्लास्टिक उपयोग न करने के लिए संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी तथा रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित थे।

---

## 108 आदिवासी बाहुल्य गांव होंगे समृद्ध

- 15 जून से 30 जून तक लगेंगे संतृप्तिकरण शिविर

**धमतरी।** जिले की 97 ग्राम पंचायतों के 108 आदिवासी बाहुल्य गांवों को विकसित और समृद्ध बनाने के लिए धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान में शामिल किया गया है। इन गांवों में सड़क, बिजली, पानी, पढ़ाई-लिखाई और इलाज की बेहतर सुविधाओं जैसे मूलभूत जरूरतों को विकसित किया जाना है।



गांवों में शासन की विभिन्न योजनाओं से शत-प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के लिए 15 से 30 जून तक धरती आबा संतृप्तिकरण शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविर में ग्रामीणों को 17 विभागों की 25 योजनाओं से यथासंभव मौके पर ही लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में ग्रामीणों के जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनाने के साथ-साथ उन्हें राजस्व विभाग की अन्य दूसरी सेवाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा। शिविरों में राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, बीमा कार्ड, श्रम कार्ड, श्रम पंजीयन आदि भी किया जाएगा। खेती-किसानी, पशुपालन, मुर्गीपालन, सुअर पालन, मछलीपालन, डेयरी गतिविधियों के इच्छुक ग्रामीणों को इन योजनाओं का फायदा पहुंचाया जाएगा। इन 1058 गांवों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन के प्रकरण तैयार किए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा। गांवों में छूट गए लोगों के मनरेगा जॉब कार्ड बनाए जाएंगे। इसके साथ ही इन संतृप्तिकरण शिविरों में चयनित सभी 108 गांवों के लिए पहुंच मार्गों, पेयजल, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों से पोषण, इंटरनेट और मोबाईल सर्विस की उपलब्धता के साथ-साथ आजीविकास संवर्द्धन के लिए कौशल विकास गतिविधियों के लिए भी ग्रामीणों से चर्चा कर प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने लोगों से कहा है कि इस अभियान के तहत गांव की स्थानीय जरूरतों के हिसाब से विकास योजनाओं को बनाने, उनका संचालन करने और उसमें आने वाली समस्याओं को मिल-बैठकर आपसी सहमति से सुलझाने के लिए इन शिविरों में ग्रामीणों की अधिक से अधिक भागीदारी जरूरी है।

---

## अग्निवीर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा प्रशिक्षण शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिला प्रशासन द्वारा नत्थू जी जगताप नगर पालिका निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अन्नपूर्णा सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रशिक्षक मनीष सिन्हा, चंद्रप्रकाश साहू, नवीन कुमार साहू हैं। इस अवसर पर अनिल नागवंशी, गिरीश गजपाल, विकास सिंह ठाकुर तथा नोडल अधिकारी जेपी.देव भी मौजूद रहे।

इस प्रशिक्षण में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने भाग लिया है। प्रशिक्षण में गणित, रीजनिंग एवं सामान्य अध्ययन जैसे विषयों को भर्ती परीक्षा के निर्धारित सिलेबस के अनुसार पढ़ाया जाएगा। साथ ही प्रतिभागियों की तैयारी को परखने हेतु नियमित मॉक टेस्ट भी आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12.30 बजे तक संचालित होगा। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य अभ्यर्थियों को आगामी अग्निवीर भर्ती परीक्षा के लिए सशक्त एवं सक्षम बनाना है।

---

साहित्य संस्कृति और परम्परा को बचाने जिला संघ हरसंभव कार्य करेगा : रेखराम

## लोक संस्कृति सेवा जस भजन एवं फाग संघ ने मनाई वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

जिला संघ ने ग्राम गातापार ( सिर्री ) में लोक संस्कृति सेवा भजन जस एवं फाग संघ की प्रथम वर्षगांठ मनाई। यह आयोजन सुआ के संदेश जस झांकी मंडली गातापार के तत्वावधान में हुआ। मंडली के संचालक चेमन विश्वकर्मा ने कार्यक्रम होने से खुशी व्यक्त की है। संघ के अध्यक्ष रेखराम साहू ने कहा कि हमारे जिले में लगभग 45 मंडली जुड़ गई है। बाकी बची मंडली को भी जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

जिला संघ साहित्य संस्कृति और परम्परा को बचाए रखने के लिए हर संभव कार्य करता रहेगा।



इस बीच जस एवं फाग झांकी का आयोजन रखा गया था जिसमें बाल समाज पूरन जस फाग परिवार गातापार शिव शक्ति जस एवं फाग परिवार अंजनी दुलरवा जस एवं फाग परिवार भठेली ने हिस्सा लिया।

मौके पर रेमन यादव, खुशी पटेल, जालम साहू, नरेश साहू, थानसिंह साहू, मिथुन यादव, निखिल कुमार, विकास साहू, झम्मन, त्रिलोकीनाथ, कुणाल विश्वकर्मा, दयानंद साहू, केवल यादव, नंदलाल साहू, उपाध्यक्ष रेशम साहू, टेकराम निषाद, बसंत, देवेंद्र साहू, योगेश,सागर साहू, पूनम विश्वकर्मा, चेतन यादव, नारदराम साहू, संतराम साहू, करण देवांगन, संजय साहू, बीरेंद्र साहू ओंकार देवांगन, लीलाधर यादव, महेंद्र यादव, गुलाबराम साहू, केशकुमार, ईश्वर उपस्थित थे।

मंच पर कुलेश्वरी गायकवाड़ जिपं सदस्य, ललिता रमेश भतपहरी जपं सदस्य कुरूद, शेखनलाल साहू सरपंच, राधेलाल साहू उपसरपंच, नारदराम साहू पूर्व सरपंच एवं पंचगण आसीन थे। जिला सचिव विवेक साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कला और संस्कृति को बढ़ाने के लिए संघ हर संभव प्रयास करेगा। संघ टीम मंडली की हमेशा मदद करेगा।

---

### छिपली के स्कूली बच्चे बने पर्यावरण दूत

**मगरलोड।** हरियाली, पर्यावरण को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। ब्लॉक मुख्यालय के समीप ग्राम छिपली के स्कूली बच्चे पर्यावरण दूत बनकर ऐतिहासिक कार्य कर रहे हैं। गांव के तालाब किनारे, साहू भवन, सार्वजनिक स्थल में विगत एक वर्ष से पौधरोपण कर गांव को प्रदूषण मुक्त व पर्यावरण बचाने कार्य में जुटे हुए हैं। महेन्द्र कक्षा 8वीं, उमा शंकर 11वीं, झनेंद्र 12वीं, राहुल 12वीं, एवन 11वीं, गोपी 9वीं, रूपेश 9वीं, राजू 7वीं, प्रेमानंद 12वीं, समेत किसान नंदलाल निषाद पौधरोपण कर उसे सुरक्षित एवं संरक्षित करने में जुटे हैं। गांव के सार्वजनिक स्थल पर बरगद, पीपल, गुलमोहर, बोहार, पाम, अशोक, करण के पौधों का रोपण किया है। कक्षा 12वीं की परीक्षा पास कर चुके झनेन्द्र ने बताया कि वृक्ष है तो हम हैं। हमें ऑक्सीजन के लिए वृक्ष की आवश्यकता है। गांव में हरियाली से मन में अच्छा विचार होता है।

## खबर संक्षेप



### रामटेकरी, राम लक्ष्मण मंदिर को पर्यटन स्थल में जोड़ा जाए : श्यामा साहू

**धमतरी।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्यामादेवी नरेश साहू रूद्री ने छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा (जिला भाजपा प्रभारी) से धमतरी में भेंट कर गंगरेल बांध विश्रामपुर, राम टेकरी वन गमन मार्ग, राम लक्ष्मण मंदिर विश्रामपुर को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। साथ ही राम लक्ष्मण मंदिर के पास प्रतीक्षालय, स्वागत द्वार, बिजली व्यवस्था करने की मांग की है।

### वाहन चालक ने बाड़ी में लगाई फांसी



**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपनी बाड़ी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम कोलियारी निवासी बसंत नेताम पिता पुनीराम उम्र 36 वर्ष पेशे से वाहन चालक था। शारीरिक तकलीफ के कारण युवक लंबे समय से वाहन चलाने नहीं जा रहा था। गुरूवार की शाम युवक बिना कुछ बताए घर से निकल गया था। रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजन आसपास उसकी तलाश कर रहे थे। इसी दौरान घर से लगभग दो सौ मीटर दूर नदी खड़ पर स्थित बाड़ी के बोहार पेड़ पर नायलोन की रस्सी के फंदे पर युवक फांसी पर लटका मिला। सूचना पर अर्जुनी पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेजा। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### नवनियुक्त प्राचार्य का किया स्वागत



**धमतरी।** मेनोनाइट उच्चतर माध्यमिक शाला हिन्दी माध्यम के नवनियुक्त प्राचार्य घनश्याम द्विवेदी को वार्ड पार्षद चंद्रभागा साहू, भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी मुकेश शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। बता दें कि श्री द्विवेदी जिला विद्वत परिषद के सचिव एवं संस्कृत विषय के व्याख्याता हैं।

छग टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष ने ली पर्यटन समिति की बैठक, सदस्यों से मांगे सुझाव

# जिले के पांच प्रमुख पर्यटन स्थलों का चयन कर विकसित किया जाएगा : नीलू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में पर्यटन समीक्षा बैठक ली और जिले के पर्यटन क्षेत्रों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि धमतरी जीवनदायिनी महानदी के साथ ही सप्तऋषियों की तपोभूमि भी है। यहीं से महानदी का उद्गम हुआ है जिसका पानी सिंचाई के साथ ही कारखानों और बिजली उत्पादन के लिए भी प्रसिद्ध है। धमतरी जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं है। यहां रविशंकर सागर जलाशय गंगरेल बांध सहित एशिया का एकमात्र सायफन सिस्टम वाला माड़मसिल्ली, सिहावा का श्रृंगीऋषि पर्वत, कर्णेश्वर महादेव, सप्तऋषि, नरहरा जलप्रपात, जबर्रा हिल्स और वनों से आच्छादित नगरी विकासखण्ड लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। बैठक में जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू सहित मैनेजिंग डायरेक्टर छग टूरिज्म बोर्ड विवेक आचार्य,



पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार, डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव और जिला पर्यटन समिति के सदस्य व अधिकारी उपस्थित थे।

श्री शर्मा ने कहा कि छग के पर्यटन को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। विजन छग को हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे के अनुरूप कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पर्यटन विकास के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री शर्मा ने कहा कि गंगरेल का मिनी गोवा, अंगारमोती मंदिर, ठेमली आईलैण्ड, सिहावा का कर्णेश्वर, श्रृंगीऋषि पर्वत, महानदी कुण्ड को योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जायेगा। श्री शर्मा ने बताया कि जिले के 5 प्रमुख पर्यटन स्थलों का चयन कर उन्हें विकसित किया जायेगा जिसमें गंगरेल बांध, माड़मसिल्ली बांध, नरहरा, जबर्रा और सिहावा क्षेत्र के विभिन्न पर्यटल स्थल शामिल है। साथ ही जिले के प्रसिद्ध अंगारमोती माता मंदिर, विध्यवासनी मंदिर और रूद्रेश्वर मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों का भी विकास किया जायेगा, जिनमें फाउन्टेन, लाइटिंग आदि लगाये जायेंगे।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बैठक में पॉवर प्वाईंट के माध्यम से जिले के पर्यटन क्षेत्रों की जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि जिले में पर्यटन के तौर पर प्रसिद्ध गंगरेल बांध है। इसके साथ ही एशिया का एकमात्र सायफन सिस्टम वाला माड़मसिल्ली, जबर्रा में आदिवासी कल्चर के साथ ही टूरिस्ट के ठहरने के लिए हट बनाए गए हैं। सिहावा स्थित गणेश घाट महानदी उद्गम स्थल को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदाय करने के लिए काम किए जा रहे हैं।

बैठक में समिति के सदस्यों से पर्यटन क्षेत्रों के विकास हेतु सुझाव मांगे गए। विधायक ओंकार साहू ने जिले के पर्यटन क्षेत्रों के प्रचार एवं रूद्री चौक में चौपाटी, गंगरेल मार्ग में लाइटिंग सहित डुबान क्षेत्र के भारतमाता मंदिर को विकसित करने की बात कही। जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा ने सिहावा क्षेत्र के महानदी उद्गम स्थल, कर्णेश्वर मंदिर, श्रृंगी ऋषि पर्वत में मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने कहा। रामू रोहरा, जीवराखन मराई ने अंगारमोती माता मंदिर परिसर में व्यवस्थित दुकान, सड़क, पार्किंग व्यवस्था हेतु भूमि आदि सुविधायें प्रदान करने के सुझाव दिये। समिति के सदस्य विकल गुप्ता, दीपक कुमार, श्रीमती हेमवती ठाकुर इतिहासकार, शशि पवार आदि ने भी बहुमूल्य सुझाव दिये।

# पर्यावरण दिवस पर भाजपाइयों ने निकाली जागरुकता रैली

- पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाना होगा : शशि
- प्रकृति की रक्षा मोदी सरकार की प्राथमिकता : नेहरू
- वन्य जीवों को भी स्वच्छंद जीने का अधिकार : कविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा कार्यकताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर पर्यावरण रैली निकाली। रुद्री चौक से चिन्हारी रिसॉर्ट तक निकाली गई इस पर्यावरण रैली में स्थानीय निवासी भी सम्मिलित हुए। रैली के माध्यम से पर्यावरण को लेकर जनजागृति लाने का प्रयास किया गया। सभी ने चिन्हारी रिसॉर्ट पहुंचकर समीप में स्थित भूमि पर पौधारोपण किया। पर्यावरण संगोष्ठी भी हुई। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने कहा कि आधुनिकतावाद के इस युग में मनुष्य जैसे-जैसे सुविधाभोगी होता जा रहा है वैसे-वैसे ही प्रकृति से दूर भी होता जा रहा है। भूमिगत जल के अत्यधिक दोहन से धरती मां अंदर से खोखली हो चुकी है। जल स्तर सैकड़ों फीट नीचे उतर चुका है। प्रकृति का क्षरण बहुत तेजी से हो रहा है। ऐसे समय में यदि पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन नहीं बनाया गया तो आने वाली पीढ़ी का जीवन संकट में आ जायेगा। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा कि मोदीजी जबसे देश के प्रधान सेवक बने हैं। उन्होंने देश में सामाजिक क्रांति लाने का लगातार प्रयास किया है। चाहे स्वच्छता की बात हो, योग की बात हो, एक पेड़ मां के नाम अभियान हो, हर घर शौचालय और खुले में शौच मुक्त भारत की बात हो, मोदी जी ने पर्यावरण को अपनी प्राथमिकता में रखा है।

अभियान के जिला संयोजक कविंद्र जैन ने कहा कि वन्य जीवों को भी स्वच्छंद जीवन जीने का अधिकार है। उनके हिस्से के जंगल, जमीन और जल स्त्रोत भी विकासवाद की भेंट चढ़ चुके हैं। प्रदूषण से पर्यावरण को बड़ा खतरा है। नदी, तालाब और जल स्त्रोत सिमटते जा रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग से पूरा विश्व जल रहा है। यदि समय रहते इन सबसे प्रकृति को बचाया नहीं गया तो धरती पर जीवन का अस्तित्व समाप्त हो सकता है। कार्यक्रम का संचालन बीथिका विश्वास तथा आभार प्रदर्शन अरविंदर मुंडी ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष श्रीमती श्यामा साहू, मोनिका देवांगन, विजय साहू, उमेश साहू, हेमंत माला, कैलाश सोनकर, सरपंच लक्ष्मी बया, नरेश साहू, जागेंद्र साहू, मुकेश यादव, सुशांत कानपिल्लेवार, नम्रतामाला पवार, आशा लोधी, शैलेश रजक, राजीव चंद्राकर, राम सोनी, नंदू लोधी, मनोज ठाकुर, विशाल त्रिवेदी, ईश्वरी नेताम, नीतू त्रिवेदी, सीमा चौबे, गायत्री सोनी, पवित्रा दीवान सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

# नहर बाईपास मार्ग खराब, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महानदी मुख्य नहर में रूद्री से ग्राम सांकरा तक बनाए गए बाईपास डामर रोड की स्थिति बदतर हो गई है। जगह-जगह से डामर, गिट्टी उखड़े हुए हैं। मार्ग के बीचोबीच छोटे छोटे कई गड्ढे हो गए हैं। आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीण खोमलाल सिन्हा, बसंत साहू, नरोतम यादव, हीरालाल ध्रुव का कहना है कि इस मार्ग से वे रोज आना-जाना करते हैं। डामरीकरण के बाद यह मार्ग काफी सुलभ था। अब मेंटनेंस के अभाव में रोड की स्थिति जर्जर हो गई है।



साइकिल, बाइक सवारों को परेशानी होती है। कार की गति काफी धीमी हो जाती है। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। बारिश से पानी जाम हो जाता है। कीचड़ के कारण पैदल चलने में दिक्कत होती है। विदित हो कि छग ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा 6 साल पहले सांकरा से रूद्री तक 12.10 करोड़ की लागत से डामर सड़क बनाई गई थी। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से रोड की मरम्मत करने की मांग की है।

# डीएड अभ्यर्थियों ने की शिक्षक भर्ती करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डीएड अभ्यर्थियों ने तीन जून को सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती करने की मांग को लेकर भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर गेट के पास नारेबाजी की।

इस दौरान डीएड अभ्यर्थियों और पुलिस के बीच झूमाझटकी भी हुई। पुलिस महिलाओं को बर्बरतापूर्वक बसों में भरकर वहां से ले गई। अभ्यर्थी रूद्राणी मानिकपुरी, दुर्गेश नंदनी ध्रुव, नीरेंद्र यादव ने बताया कि सहायक शिक्षक भर्ती के रिक्त 1316 पद व



शेष 984 पद सहित कुल 2300 पदों पर 6 वीं लिस्ट जारी करने की मांग को लेकर डीएड डिप्लोमा अभ्यर्थी लगातार प्रयास कर रहे हैं, सभी कैबिनेट मंत्री से मुलाक़ात, विभाग से अनुनय विनय कर रहे हैं फिर भी सकारात्मक जवाब नहीं मिला है। अब मामला कोर्ट भी पहुंच गया है। सहायक शिक्षक के पंचम चरण की काउंसिलिंग मे 2600 पदों पर भर्ती होनी है।

उपरोक्त जानकारी रुद्राणी मानिकपुरी सलोनी ने दी। मौके पर राहुल साहू, चम्पेश्वरी जपाल, दामिनी साहू, वीणा ध्रुव, दीपिका कश्यप, करण सिन्हा, लीना ध्रुव समेत बड़ी संख्या में डीएड अभ्यर्थी मौजूद थे।

# अर्बन नक्सली कहने वाले नेता के खिलाफ शिक्षकों ने खोला मोर्चा

- शिक्षक साझा मंच ने कलेक्टर-एसपी को ज्ञापन सौंपकर माफी मांगने या फिर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शिक्षक साझा मंच ने शिक्षकों को अर्बन नक्सली कहने वाले भाजपा नेता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को साझा मंच ने कलेक्टर तथा एसपी के नाम ज्ञापन सौंपकर माफी मांगने या फिर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक डा. भूषणलाल चंद्राकर, अमित महोबे, दिनेश पांडे सहित अनेक शिक्षकों ने कलेक्टर तथा एसपी के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं वेब चैनल न्यूज के माध्यम से संज्ञान में आया है कि जिले के भाजपा नेता एवं अजजा मोर्चा के प्रदेशमंत्री खूबलाल ध्रुव ने युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत शिक्षक संवर्ग द्वारा अपने अधिकार एवं वाजिब मांगों के निराकरण के लिए प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों को अर्बन नक्सली कहा है। पूर्व जनप्रतिनिधि एवं बड़े राजनीतिक दल के पदाधिकारी होकर इस तरह से शिक्षकों पर विवादस्पद एवं गैरजिम्मेदाराना बयान देना शिक्षकों के मान-सम्मान एवं उनके पद प्रतिष्ठा के लिए गहरा आघात है।

शिक्षक साझा मंच ने मांग की है कि शिक्षक संवर्ग के लिए दिए विवादस्पद एवं गैर जिम्मेदाराना बयान के लिए सार्वजनिक रूप से मांफी मांगे अन्यथा शिक्षक संवर्ग एवं शिक्षक साझा मंच उसके लिए कानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

### भाजपा नेता ने मांगी माफी

भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेशमंत्री



खूबलाल ध्रुव ने कहा है कि प्रेस कांफ्रेंस के दौरान नक्सल आपरेशन एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में चर्चा हो रही थी और उसकी जुबान से गलत शब्द निकल गया। उनका कहना था कि अर्बन क्षेत्र में शिक्षकों की अधिकता है। जबकि ट्राइबल क्षेत्र में शिक्षकों की कमी है, जिसे दूर करने सरकार युक्तियुक्तकरण के माध्यम से प्रयास कर रही है। मेरी मंशा किसी की भावना को आहत करने की नहीं थी, उनकी बातों से अगर ठेस पहुंची है तो वह क्षमाप्रार्थी हैं।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# आंगनबाड़ी केंद्र में बेटियों ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (एक पेड़ बेटी के नाम) अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस पर महिला एवं बाल विकास विभाग में महिला सशक्तिकरण केन्द्र की टीम द्वारा ग्राम लोहरसी के पंचायत परिसर में सरपंच, पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ पौधा रोपण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 एवं 4 में किशोरी बालिकाओं द्वारा पौधारोपण करवाया गया। मिशन शक्ति की विभिन्न योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या, लैंगिक असमानता, शक्ति सदन, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्प लाइन 181, पोपण एवं मासिक धर्म स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई एवं महिला बाल विकास विभाग की सभी योजनाओं का ब्रोशर वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती महेश्वरी, महिला सशक्तिकरण केन्द्र से श्रीमती विन्देश्वरी, जिला समन्वयक श्रीमती प्रियंका गंजीर समेत अन्य उपस्थित थे।

# सिविल अस्पताल में मनाया गया दाई बबा दिवस

- 60 वर्ष से अधिक 86 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद ब्लाक के सभी स्वास्थ्य केंद्रों व सिविल अस्पताल कुरुद में कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के दिशा-निर्देश व खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ यूएस नवरत्न के मार्गदर्शन में दाई बबा दिवस के रूप में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सिविल अस्पताल कुरुद की ओपीडी में 60 वर्ष से अधिक 86 लोगों की उपस्थिति रही। 15 लोगों की नेत्र जांच की गई जिसमें 5 लोगों को नेत्ररोग विभाग द्वारा निः शुल्क चश्मा वितरण किया गया। बीपी 15, शुगर जांच 6, फॉलोअप 27, मेंटल हेल्थ स्क्रीनिंग 7, नाक कान 9, डेंटल 8 व अन्य 4 परामर्श कर सभी मरीजों का



इलाज कर निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बुजुर्गजनों की देखभाल के लिए सबसे अधिक जरूरी है कि उनसे प्यार से सम्मानपूर्वक बात करें और उन्हें हमेशा एक्टिव व फिट रखें। घर पर उन्हें अकेलापन न होने दें व व्यवहार में किसी प्रकार का ठेस न पहुचाएं संतुलित आहार दें। विकासखण्ड नोडल अधिकारी डॉ क्षितिज साहू ने बताया कि दाई बबा दिवस पर कुरुद ब्लाक से 13 मरीजों को जिला अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए रिफर किया गया। इस अवसर पर डॉ हेमराज देवांगन, डॉ असवन ठाकुर, डॉ केबी पाल, बीपीएम रोहित पांडेय, नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी प्रवीण टण्डन, राधिका साहू, नुदरद फातिमा, जागेश्वर निर्मलकर स्टाफ नर्स व अन्य उपस्थित थे।

आवश्यकता है
सेल्समेन : 2 पद
कम्प्यूटर ऑपरेटर : 1 पद (युवक-युवती)
अनुभवी को प्राथमिकता। (संपर्क का समय 4 से 8 बजे तक)
संपर्क - अनमोल नमकीन
सिहावा रोड, धमतरी मो. 8770946004

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

धमतरी जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| धमतरी शहर | 5 पद | योग्यता 12 से स्नातक |
| कुरूद | 3 पद | |
| मगरलोड | 2 पद | वेतन 10000/- |
| कोड़ेबोड़ | 2 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो धमतरी शहर, कुरूद, मगरलोड, कोड़ेबोड़ क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें। जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें 9098324969
धमतरी - 9826114710
कुरूद - 9826882770
मगरलोड - 9340622144
कोड़ेबोड़ - 9131673165
हरिभूमि कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)